तापमान
अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 3.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

11 400 मीटर दौड़ में प्रीति प्रथम अंजलि ने द्वितीय...



11 रोहेड़ियां ने कुतुबपुर की टीम को हराया



## खबर संक्षेप

### ट्रक चालक से लूटपाट करने के आरोपी काबू

**जींद।** पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज के निकट ट्रक चालक से नकदी, मोबाइल फोन तथा दस्तावेज लूटने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। शास्त्री नगर निवासी अनिल खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह एक जनवरी देर रात को ट्रक में राजस्थान से पत्थर लेकर आया था।

### पूंडरी में 207 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने पूंडरी में 207 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजकुमार की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान ब्रह्मानंद चौंक पूंडरी के पास मौजूद थी, जहां पुलिस पार्टी को गुप्त सूत्रों से खुफिया सूचना मिली कि गांव पाई निवासी गुरविंद्र सिंह अवैध असला लिए पाई गेट पूंडरी के पास खड़ा हैं।

### रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला 13 को

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय के परिसर में 13 जनवरी को सुबह दस बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इंडसइंड निप्पॉन इंश्योरेंस कंपनी के नियोजकों द्वारा भाग लिया जाएगा। मेले में नियोजकों द्वारा प्राथिर्यों को टैरेंज मीटिंग व ऑफिस वर्कर आदि पदों के लिए चयन किया जाना है।

### देशी पिस्तौल-4 कारतूस सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** सीआईए-वन पुलिस ने दो अवैध देशी पिस्तौल व 4 कारतूस सहित आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-वन पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत की टीम गश्त दौरान पूंडरी में मौजूद थी। गुप्त सूचना मिली कि कसान निवासी प्रदीप हांसी बुटाना नहर पुल गांव फतेहपुर पर अवैध असला लिए किसी वाहन के इंतजार में खड़ा है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**जींद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर जींद व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के नेतृत्व में न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### स्कैनर भेज लगाया 1.73 लाख का चूना

**जींद।** इंट्रन डाक्टर को ऑनलाइन सामान का ऑर्डर करना मंहगा पड़ गया। साइबर ठगों ने स्कैनर भेज कर एक लाख 73 हजार रुपये का चूना लगा दिया। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी स्कूल का ताला तोड़कर गेहूं-रिकार्ड चोरी

**जींद।** किलाजफरगढ़ के सरकारी स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर मिड-डे मिल राशन तथा रजिस्टरों को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने स्कूल मुखिया की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किलाजफरगढ़ सरकारी स्कूल की मुखिया रेनू ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### सोलर पंप से तार चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** चोरों ने मानस रोड बाइपास के नजदीक खेतों में लगे सोलर पंप से तार चोरी कर लिए। मामले में सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एडवोकेट बलवंत सिंह ने बताया कि मानस रोड बाइपास के पास उनके खेत हैं।

# रजिस्ट्री नहीं करने पर एमडी शुगर मिल की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में नहीं पहुंचे परिवहन मंत्री, डीसी ने 15 में से 06 शिकायतों को किया हल

» आमजन की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में समिति की उपाध्यक्षा एवं जिला उपायुक्त अपराजिता ने गांव देवबन में एक व्यक्ति की रजिस्टरी न किए जाने की शिकायत पर एमडी शुगर मिल की अगुवाई में जांच कमेटी गठित करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही दो अन्य मामलों में जांच कमेटियों का गठन कर अगली बैठक में रिपोर्ट देने को कहा है। समिति उपाध्यक्षा अपराजिता ने जिला कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के बैठक में न पहुंचने पर बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कुल 15 शिकायतों में से छह का मौके पर ही निपटारा कर दिया और नौ मामलों को लंबित रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते कहा कि आमजन की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करें। लोगों को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। जिला कष्ट निवारण समिति का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को न्याय दिलाना है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। पुरानी शिकायतों में पिछली बैठक से लंबित चली आ रही ऋषि नगर निवासी नीतू मौण के भाई की हत्या के मामले में कार्रवाई संबंधी शिकायत में डीसी ने पुलिस को निर्देश दिए कि जब तक सीबीआई जांच शुरू नहीं होती, तब तक इस मामले में जो भी कार्रवाई हो, उसे शिकायतकर्ता को बताया जाए। डीसी ने समिति सदस्यों के आग्रह पर इस शिकायत को अगली बैठक के लिए भी लंबित रख लिया।




**कैथल।** डीसी अपराजिता जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

डीग निवासी ऋषिपाल द्वारा उसकी बेटी द्वारा आत्महत्या मामले में पिछली बैठक में जिला कष्ट निवारण समिति अध्यक्ष मंत्री अनिल विज द्वारा एडीसी, डीएसपी व गैर सरकारी सदस्य शक्ति सौदा की जांच कमेटी ने रिपोर्ट दी। पुलिस ने बताया कि मामले में न्यायालय में चालान पेश कर दिया गया है। इस मामले में लापरवाही मिलने पर पुलिस कर्मचारी संजय को निलंबित कर दिया गया था। साथ ही उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इस मामले का निपटान कर दिया गया। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी, विधायक सतपाल जांबा, हेमलता सैनी, गोपाल सैनी, यशपाल प्रजापति, ऊषा मचल, शक्ति सौदा, शैली मुंजाल, रविंद्र धीमान, रघुबीर फौजी आदि उपस्थित थे।



**जुलाना।** मालवी गांव में रोष प्रकट करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

# मालवी में पांच दिनों से गहराया पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव में इन दिनों पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पांच दिनों से गांव में नियमित पेयजल सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि ग्रामीणों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो गया है और लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाने वाली पेयजल सप्लाई पूरी तरह से चरमरा गई है। कई दिनों तक पानी नहीं आता और जब कभी सप्लाई होती भी है तो पानी इतना गंदा और बदबूदार होता है कि वह पीने तो दूर, अन्य घरेलू कार्यों के लिए भी उपयोग के योग्य नहीं रहता। इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पडऩे का खतरा बना हुआ है। गांव की महिलाओं रेनू, निर्मला, देवी, कंचनए बबली, सुदेश और कस्तूरी ने बताया कि पिछले पांच दिनों से एक बूंद पानी भी सप्लाई के जरिए नहीं मिला है। मजबूरी में ग्रामीणों को 20 रुपये प्रति कैंपर के हिसाब से पानी खरीद कर काम चलाना पड़ रहा है। गरीब परिवारों के लिए यह अतिरिक्त खर्च किसी बड़ी परेशानी से कम नहीं है। महिलाओं ने बताया कि पानी के अभाव में खाना पकाना, पशुओं के लिए पानी और साफ.सफाई जैसे जरूरी काम भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले हैं। आज तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### जल्द होगा समाधान

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतीश नैन ने बताया कि गांव में ट्यूबवैल से पानी सप्लाई किया जा रहा था। गांव के सरपंच ने अस्थायी रूप से बिजली जोड़ी थी जिसका कनैक्शन बिजली निगम ने काट दिया है। अब बिजली निगम को विभाग द्वारा लिखित में दिया गया है कि जल्द से जल्द कनैक्शन को जोड़ा जाए। जैसे ही कनैक्शन जोड़ा जाएगा तुरंत पानी की सप्लाई गांव में छोड़ दी जाएगी।

## धूप निकलने से तापमान में वृद्धि, बाजार में रही चहल-पहल

# दिन में धूप तो रात को गिर रहा पारा, लोगों को कर रहा बीमार

## पिछले 15 दिन में देखने को मिली गेहूं की पौधों में अच्छी खासी ग्रोथ

धूप निकलने के बावजूद अधिकतम-न्यूनतम तापमान में कोई वृद्धि नही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिले में शुक्रवार को सूर्य देवता ने सुबह ही दर्शन दिए तो दिन के समय धूप खिली रही। जिससे लोगों को कडाके की ठंड से राहत मिली। लोग घरों से बाहर निकल आए और धूप सेकने का काम किया। धूप निकलने के बावजूद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई वृद्धि नही हुई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 13 डिग्री रहा तो न्यूनतम तापमान तीन डिग्री रहा। इसके साथ ही हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा रही तो आद्रता 70 प्रतिशत रही। दिन में धूप तो रात को पारा गिरने से लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा समय में ठंड से गेहूं की फसल में अच्छा खासा लाभ बना हुआ है। गेहूं की पौधों में अच्छी खासी ग्रोथ पिछले 15 दिन में देखने को मिली है। पिछले एक सप्ताह से लोगों को ठंड ने अपनी चपेट में लिया हुआ था। हालांकि पिछले दो दिनों से कुछ समय के लिए धूप निकल रही है लेकिन ठंडक से राहत नही मिलती है। शुक्रवार को सूर्य देवता ने आसमान से लोगों को दर्शन दिए तो देखते ही देखते तेज धूप निकली।

जिससे वातावरण गरम हुआ और लोगों को कुछ हद तक ठंड से राहत मिली। लोग भी धूप का आनंद उठाने के लिए बाहर निकल जाए और घंटों घर की छतों पर बैठ कर धूप सेकी। वहीं बाजार में भी लोगों की चहल-पहल देखने को मिली। किसानों का कहना है कि मौसम गेहूं फसल के लिए बिल्कुल अनुकूल बना हुआ है और इस बार बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम में ठंडक गेहूं फसल के लिए बहुत फायदेमंद है। किसान लगातार अपने खेतों का दौरा करते रहें और खरपतवार पर विशेष ध्यान दें। आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहेगा।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आए लोग। फोटो :हरिभूमि

### वायरल होने पर तुरंत उपचार करवाएं

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि ठंड के मौसम में लोगों को खांसी, जुखाम, बदन दर्द, गला दर्द जैसी कई समस्याएं होती हैं। इसमें होने वाला वायरल फीवर हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। वायरल होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि ठंड से बचने के लिए कई परत में गर्म कपड़े पहनें। गर्म पानी का सेवन करें। ठंडा पानी नुकसान पहुंचा सकता है। सर्दी से बचने के लिए मुंह और सिर ढके रहें। शारीरिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इस मौसम में ठंड से बचाव बेहद जरूरी है।

### वायरल बुखार के लक्षण

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### ठंड की चपेट में आ रहे लोग

पिछले तीन दिनों से मौसम दिन के समय कुछ गरम व रात के समय अत्यधिक ठंडा रहा है। दिन में लोग धूप का आनंद लेते हैं और शाम होते-होते शीत लहर बहने लगती है। इस मौसमी के बदलाव के चलते लोग ठंड की चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी है।

### मारपीट कर 85 हजार लूटे, शिकायत दर्ज

**कलायत।** कलायत के राजेंद्र नगर में अपने घर लौट रहे केमिस्ट संचालक अमित पर बृहस्पतिवार रात्रि जाहर वीर गोगा पीर धार्मिक स्थल के पास दो युवकों एवं एक महिला द्वारा लाठी-डंडों से हमला करने के साथ-साथ 85 हजार रुपये की लूट का मामला सामने आया है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इसको लेकर शहर के केमिस्ट संचालकों ने आपात बैठक बुलाई और कार्यवाही के लिए पुलिस स्टेशन में शिकायत दी। घटना को लेकर केमिस्ट संचालकों के साथ आम लोगों में भारी रोष है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में ठोस कार्यवाही की मांग करते हुए थाना प्रबंधक बलबीर सिंह से विभिन्न संगठनों सहित मुलाकात की। सारी स्थिति से अगवत करवाया। एसएचओ ने उन्हें प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# बीर बागड़ा मार्ग पर बह रहा पानी बना परेशानी

## सरकार व प्रशासन से कई बार लगा चुके गुहार, नहीं हो रहा समाधान

» दूषित पानी की निकासी न होने से सड़क पर एकत्रित हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

नगर के बीर बागड़ा मार्ग पर गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं यहां से ज्यादातर लोगों को पैदल ही निकलना पड़ता है। ऐसे में पिछले लंबे समय से पानी की कोई निकासी न होने कारण सारा पानी सड़क पर बह रहा है। सड़क भी टूट रही है। इस मार्ग पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से इस मार्ग के राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नगर पालिका प्रशासन इस मार्ग की पानी निकासी की और ध्यान नहीं दे रहा। नागरिक काला, मंजीत, काका, राम सिंह, जयपाल रींकु बागड ने बताया कि नालों की सफाई होने के पश्चात भी नालियां, गलियां व सड़क पानी से भरी रहती है। इस समस्या का कारण यह है कि नगर में पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। नागरिकों ने सरकार व प्रशासन से गुहार लगाई है कि राजौंद नगर को घरों से निकलने वाले गंदे पानी की समस्या से निजात दिलवाई जाए। सड़क पर दूषित पानी एकत्रित होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। कई लोग हादसों के कारण चोटिल हो चुके है। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान की गुहार लगाई है।



**राजौंद।** नगर के बीर बागड़ा मार्ग पर दूषित पानी सड़क पर बह रहा।



**राजौंद।** बच्चों के अभिभावकों से मिलते हुए स्कूल द्वारा गठित टीम।

### ड्राप आउट बच्चों को फिर से पढ़ाई से जोड़ने की तैयारी

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद प्रिंसिपल विजेन्द्र सिंह द्वारा ड्रॉप आउट बच्चों के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गांव में जाकर ड्राप आउट बच्चों का पता लगाया और उनके बारे में जानकारी हासिल की। इस टीम में राकेश दुल, बलिंद्र ढांडा वराहुल कुमार और राममेहर सिंह शामिल रहे। सभी अध्यापकों ने गांव में डोर टू डोर सर्वे किया और ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित किया। इस दौरान कुछ बच्चे दूसरे स्कूल में पढ़ रहे हैं , कुछ ऐसे हैं जो काम सीख रहे हैं, कुछ ऐसे हैं जो कि घर पर ही हैं, कुछ कार्य नहीं कर रहे हैं और न ही पढ़ रहे हैं। उनके बारे में पता किया तो कुछ के माता पिता ने बताया कि बच्चे स्कूल जाने से मन करते हैं। उनका कहना पढ़ाई में मन नहीं लगता, कुछ बच्चों के माता पिता पढ़ाई खर्च नहीं उठा सकते और कुछ बच्चे अपनी रिश्तेदारी में पढ़ने के लिए चले गए हैं। अध्यापकों की टीम ने उनके पेरेंट्स का मार्गदर्शन करते हुए पेरेंट्स को पढ़ाई की महत्ता बताई और सभी बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल विजेन्द्र सिंह ने बताया कि सर्दियों छुट्टियों हमारे अध्यापकों की टीम ने लगन और मेहनत से जो कार्य किया वह सराहनीय है।

### जींद के तीन युवक अमेरिका से वापस लौटे

**जींद।** डोंकी के रास्ते विदेश गए जिले के तीन युवाओं को अमेरिका ने वापस भेज दिया है। यह तीनों ही युवक जमीन बेच कर विदेश गए थे। काफी दिन इन युवकों ने जेल में भी बिताए, अब यह वापस आ गए हैं। विदेश से एक भी पैसा कमाने की बजाय यह युवा खाली हाथ लौटे हैं। अब परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गांव रायचंदवाला निवासी नरेश 2023 में डोंकी के रास्ते से अमेरिका गया था। एक साल तक तो वह रास्ते ही इधर-उधर भटकता रहा। एक साल बाद वह अमेरिका पहुंचा। वहां पहुंचने के बाद भी उसे काम नहीं मिला और छह महीने पहले ही अमेरिकी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। छह महीने बाद अब सात जनवरी को वह वापस अपने घर पहुंचा है। नरेश ने बताया कि वह 46 लाख रुपये खर्च करके अमेरिका गया था।

## रक्षा मंत्रालय की टीम ने शहीद स्मारक का दौरा किया

# 58 स्पर्श पेंशन से संबंधित मामलों का किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से हैडक्वाटर दिल्ली एरिया के अधिकारियों की टीम के द्वारा एवं सब एरिया हैडक्वाटर चंडी मंदिर की तरफ से भी आर्मी अधिकारियों की टीम हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल मे पहुंची और शहीद स्मारक, एसडीएम की पुरानी कोठी और इस में बना मंदिर का बहुत बारिकी से निरीक्षण किया। इसमें पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी, एयरफोर्स से एचएफओ भीम सिंह गिल, एचएफओ महेंद्र सिंह राजराणा, नौसेना की तरफ से लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा सीपीओ राजबीर भाना, बीएसएफ की तरफ से इंस्पेक्टर सोम दत्त शर्मा, थल सेना की तरफ से कैप्टन नर सिंह ढुल ,सूबेदार मेजर रामफल चहल एच ई एस एल जिला कैथल प्रधान, हवलदार जीत फौजी इनके साथ साथ जिला के सैकड़ो पूर्व सैनिक शहीद स्मारक पर उपस्थित रहे। बाद में सभी अधिकारियों ने रविंद्र हुड्डा तहसीलदार कैथल से भी भेंट वार्ता की। टीमों का दौरा बहुत ही संतोष जनक रहा। ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल के प्रांगण में सब एरिया हैडक्वाटर चण्ढ़ीमंदिर से वेटरन्स सहायता केंद्र अंबाला कैंट की टीम कैप्टन रामकुमार के नेतृत्व में पहुंची जिसकी अध्यक्षता ओ आई सी ग्रुप कैप्टन स्वरूप सिंह द्वारा की गई। इन्होंने 58 स्पर्श पेंशन से संबंधित मामलों का निपटारा किया।



**कैथल।** शहीद स्मारक पर पहुंची रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से अधिकारियों की टीम।

### ये रहे मौजूद

जिसमें ज्यादातर सैनिकों व पूर्व सैनिकों की वीर नारियों जो की लंबे समय से अपनी स्पर्श पेंशन से वंचित थी और दर दर भटकती फिरती थी उनके पेंशन संबंधी केसों को भी सुलझाया गया। यहां पर एसोसिएशन की ओर से कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा,रिसालदर कर्मवीर भाल, दफेदार बलदेव सिंह सुबेदार मेजर खजान सिंह, हवलदार अभे सिंह, हवलदार मांगे राम शर्मा हवलदार राजबीर ढुल, सुबेदार बलबीर सिंह माजरा आदि सभी सैनिकों की वीर नारियां की सेवा में उपस्थित रहे।




# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफ Style



# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं' एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'तू या मैं' के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।

हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉड्र्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं।

तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।




# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड' पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।




## सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

## 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप

### मजदूर संघ ने मांगों और समस्याओं पर किया मंथन

**जींद।** हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की जींद शाखा का अधिवेशन संघ के जिला कार्यालय प्रांगण में हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश भट्ट ने की। जबकि संचालन जिला सचिव इंद्र गांगोली ने किया। इस अवसर पर संघ के संस्थापक रमेश शर्मा का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ तथा कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

### अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाएं लापता

**जींद।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अज्ञात के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव अमरावली खेड़ा निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव छात्तर से भी एक तीस वर्षीय महिला गायब हो गई। उधर, गांव मांडी कलां से भी 29 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### एआई आधारित कंप्यूटर लैब का शुभारंभ आज

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से एआई आधारित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेता कैप्टन योगेश बैरागी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, डिप्टी सीएमओ डा. राजेश भोला आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### हर शब्द को बोलने से पहले तोलना चाहिए

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि हमारे शब्द भी हमारे कर्म होते हैं। हमें अपने हर शब्द को बोलने से पहले तोलना बहुत जरूरी होता है, अन्यथा उसके दुष्परिणाम सिर्फ स्वयं को ही नहीं अपने पूरे परिवेश को दुखी करते रहते हैं। संसार में केवल मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जिसका जहर उसके दांतों में नही शब्दों में है।

### छोटूराम के दिखाए मार्ग पर चलें : राजीव आर्य

**ढांड।** भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ने किसान, मज़दूर और शोषित-वंचित समाज के सच्चे हितैषी तथा महान समाज सुधारक सर छोटूराम जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। राजीव आर्य ने कहा कि छोटूराम जी ने जीवन किसानों को साहूकारों व शोषणकारी व्यवस्थाओं से मुक्ति दिलाने, सामाजिक न्याय स्थापित तथा मेहनतकश वर्ग को सम्मान दिलाने के लिए समर्पित कर दिया।

### आधुनिक खेती तकनीक की जानकारी दी

**सीवन।** सीवन की गोशाला में फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन तथा खेती विरासत मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक फील्ड स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक, टिकाऊ और पर्यावरण-संवेदनशील खेती की तकनीकों की जानकारी दी। जिला को-ऑर्डिनेटर सुभाष वशिष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को ऐसी खेती प्रणालियों से जोड़ना है।

### लंबित मामलों का किया जाए निपटान : खजान

**कैथल।** वन कर्मचारी संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी बैठक वन मंडल अधिकारी कार्यालय प्रांगण में हुई। अध्यक्षता जिला प्रधान खजान कौशिक ने की। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा व फायर कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान राजेंद्र सीनन्द मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**सफीदों।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 को रामलीला मैदान में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल 24 को निश्चित स्थान व समय पर होगी। व्यवस्थाओं के लिए तहसीलदार नोडल अधिकारी होंगे।

## खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दम

# 400 मीटर दौड़ में प्रीति प्रथम अंजलि ने द्वितीय स्थान पाया

**आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही: डा. मनजीत**



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाती हुई महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जींद ब्लॉक की शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों व शहरी क्षेत्र से आई महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नागरिक अस्पताल से डा. मनजीत धीमान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते कहा कि महिलाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं बल्कि आत्मविश्वास अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। डा. मनजीत धीमान ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और खेलों में उनकी भागीदारी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सरकार का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण है, जिसके तहत महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और रोजगार के समान अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर महिलाओं को मंच दिया जा रहा है ताकि वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और आगे बढ़ सकें। खेलकूद प्रतियोगिताओं से महिलाओं में आपसी भाईचारे, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

**ये महिलाएं रही मौजूद**

प्रतियोगिता के दौरान दौड़, साइकिल रेस, म्यूजिकल चेयर, डिस्कस थ्रो सहित अन्य खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग जींद खंड की परियोजना अधिकारी सुमन ने प्रतिभागी महिलाओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान की निरंतरता में हस्ताक्षर किए तथा शपथ ली। इस अवसर पर राजकीय सीनियर सकेंडरी स्कूल जींद के प्रधानाचार्य राजकुमार भोला, डीपी जयभगवान, संतोष, मोनिका के अलावा विभाग की सुपरवाइजर दर्शना, प्रीति, दिव्या, कौशल, प्रेमलता, सीमा, रीना तथा ममता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**ये रहे खेल प्रतियोगिता के परिणाम**

जींद शहरी में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में राजरानी प्रथम स्थान पर, सीमा दूसरे स्थान पर तथा ज्योति तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम स्थान, अंजलि ने दूसरा तथा खुशी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 300 मीटर रेस में दीक्षा प्रथम अंजलि द्वितीय तथा प्रीति तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर रेस में राजबाला प्रथम, बबीता दूसरे तथा पूनम तीसरे स्थान पर रही। साइकलिंग में रीना प्रथम, नेहा दूसरे तथा पायल तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार डिस्कस थ्रो में ओमपति प्रथम, सुनीता दूसरे तथा कृष्णा तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार जींद ग्रामीण से 100 मीटर रेस में संतोष प्रथम, मोनिका दूसरे तथा मीना तीसरे स्थान पर रही। 300 मीटर की रेस में परिना प्रथम, सीमा दूसरे तथा वंदना तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर की रेस में तमन्या प्रथम, दिशा दूसरे स्थान पर तथा आशा तीसरे स्थान पर रही। साइकलिंग रेस में स्वाति प्रथम, वर्षा दूसरे तथा खुशी तीसरे स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर में संतरो देवी प्रथम, मुकेश दूसरे पर तथा शीला तीसरे स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में रेखा प्रथम, निर्मला द्वितीय तथा मीना तृतीय रही।

# रोहेड़ियां ने कुतुबपुर की टीम को हराया

**टेनिस क्रिकेट बाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

स्व. शीशपाल सैनी की याद में गांव रोहेड़ियां की तरफ से दूसरा टेनिस क्रिकेट बाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। शुक्रवार से शुरू 4 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन नौ मुकाबले हुए। इन मुकाबलों का सुबह के सत्र का शुभारंभ हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व जिला प्रभारी एवं प्रगतिशील किसान अवार्ड से सम्मानित अंग्रेज सिंह गुराया ने किया। वहीं शाम के सत्र के मुकाबलों का शुभारंभ समाजसेवा



में राज्यपाल अवार्डी सुभाष गोयल ने किया। इस दौरान ब्लाक समिति के सदस्य सतीश कुतुबपुर, गांव रोहेड़ियां के सरपंच जसमेर चंद, गांव कुतुबपुर के सरपंच प्रतिनिधि रणधीर सिंह, समाजसेवी तेजभान सैनी भी मौजूद रहे। उन्होंने भी आयोजन कमेटी को आर्थिक रूप से अपने निजी कोष से सहायता की। प्रगतिशील किसान अवार्ड से सम्मानित अंग्रेज सिंह गुराया ने कहा कि युवा नशा को छोड़कर खेलों में भाग लेंगे। गांव रोहेड़ियां व कुतुबपुर की ग्राम पंचायत व ग्रामीणों का खेल आयोजन के लिए प्रयास सराहनीय है। ऐसे आयोजन भविष्य भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि युवा नशा को छोड़कर स्वास्थ्य की तरफ ध्यान दें।

**ये रहे विजेता**

रोहेड़ियां बी टीम ने कुतुबपुर बी टीम को हराया। दीवाल ने गुहणा को, हाबड़ी ने पीडल को, कुतुबपुर ने सौंगल को, शिमला ने खरकां को, चक्कू लदाना ने नंदकरण माजरा को हराया। पुल दो के दूसरे राउंड के मुकाबलों में दीवाल ने शिमला को, हाबड़ी ने रोहेड़ियां बी को चक्कू लदाना ने कुतुबपुर को हराया।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए सभा सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### सफाईकर्मियों का सम्मान करेगी सुनार सभा

**जींद।** मैढ सुनार सभा द्वारा आगामी 11 जनवरी को स्थानीय सैक्टर छह स्थित महाराज अजमीढ भवन एवं सुनार धर्मशाला में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सराहनीय कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नशामुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके अलावा समाज मे फैली कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम तथा दहेज प्रथा रोकथाम के लिए भी सकल्प दिलवाया जाएगा। सम्मान समारोह को बतौर मख्यअतिथि हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी तथा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा संबोधित करेंगे। जब कि वशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा राज्य सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के चैयरमैन अमरपाल राणा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल सहित अनेक राजनितिक व सामाजिक हस्तियां भी शिरक्त करेंगी। सम्मान समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए मैढ सुनार सभा की बैठक प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में सुनार धर्मशाला में हुई। जिसमें पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय की। बैठक के बाद सभा के वरिष्ट उपप्रधान नरेश सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि मैढ सुनार सभा द्वारा सर्वसमाज को मजबूती प्रदान करने तथा जींद शहर को साफ -सुथरा रखने में अहम योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

### जनता को भ्रमित करना चाहती है कांग्रेस : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर देश की जनता को भ्रमित करने का काम कर कांग्रेस कर रही है। कांग्रेस पार्टी का स्वभाव बन गया है हर चीज का विरोध करना पहले राम मंदिर का किया फिर वंदे मातरम का अब राम के नाम से शुरू हो रही मनरेगा का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा योजना शुरू की गई बाद में उसके साथ महात्मा गांधी का नाम जोड़ दिया गया और मनरेगा योजना को लेकर पूरे देश से जो प्रतिक्रिया उसके बाद सरकार द्वारा इस योजना में बहुत ही महत्वपूर्ण संशोधन किए गए लेकिन विपक्ष देश की जनता को भ्रमित करने का काम कर रहा है और वो केवल महात्मा गांधी के नाम को लेकर देश में अलग तरीके की अफवाह फैला कर षड्यंत्र रचने का काम कर रहे हैं। पता नहीं कांग्रेस पार्टी को राम के नाम से क्या तकलीफ होती है।

### विधायक ने दुकानदार को दिया मदद का आश्वासन

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री लोधर गांव पहुंचे। यहां पर चार जनवरी को अज्ञात कारणों से मिठाई की दुकान में लगी आग से लाखों के नुकसान का जायजा लेने के साथ-साथ दुकानदार संदीप से मिले। संदीप ने बताया कि दुकान से ही परिवार का पालन पोषण चलता था। आगजनी से सब कुछ जलकर राख हो गया। अब परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट हो गया है। आग लगने से 70 से 80 लाख का नुकसान हो गया है। विधायक ने कहा कि दुख घटना से पीड़ित परिवार के साथ वो है। जितनी संभव मदद हुई वो अपनी तरफ से करेंगे। सरकार की तरफ से जो मदद की जा सकती है वो भी की जाएगी। एसडीएम से बातचीत कर उन्हें जो नुकसान हुआ है उसका आंकलन करने के लिए कहेंगे ताकि जितनी हर संभव मदद सरकार की तरफ से दी जा सके। उचाना हलका उनका परिवार है। हर व्यक्ति परिवार का सदस्य है। कहा कि आगजनी से काफी नुकसान हुआ है। इस तरह की घटना किसी के साथ न हो ये भगवान से प्रार्थना करते है। इस घड़ी में सभी को मिलकर संदीप का सहयोग करना चाहिए।



दुकान में नुकसान का जायजा लेने पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।



जींद। सेमिनार को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### पोस्को व जेजे एक्ट पर सेमिनार

**जींद।** बाल संरक्षण एवं कानूनों की प्रभावी जानकारी के उद्देश्य से पोक्सो एक्ट व जेजे एक्ट पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन स्थानीय निजी होटल में किया। सेमिनार में जेजेपीयूए जिले के सभी एसएचओ, सीएमओ, पीपीओ, ओएससी, एएचटीयू, विभिन्न एनजीओ, सीसीआई, सीडब्ल्यूसी एवं जेजेबी से जुड़े अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर डीएलएसए से बाल कल्याण समिति अध्यक्ष देवराज मलिक ने पोक्सो एक्ट तथा जेजे एक्ट पर विस्तार से प्रकाश डाला। दोनों अधिनियमों के उद्देश्य, प्रावधानों तथा व्यवहारिक पहलुओं की जानकारी देते मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की और बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने मिशन वात्सल्य के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी सांझा की। सीडब्ल्यूसी, एसजेपीयू तथा सीसीएल की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही फार्म 17, पोसो एक्ट फार्म व बी की प्रक्रिया और उपयोगिता पर भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

### अत्यंत सौहार्द के साथ बच्चों को शिक्षा से जोड़ें

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स पर्सन उर्वशी भाटिया, डा. आशु जैन व विपुल शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थी व उन्नत जीवन कौशल कल्याण रहा। वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में चुनौतियां एवं जिम्मेदारियां बहुत बढ़ गई हैं। जिनके चलते प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में तनाव का स्तर बढ़ता रहता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों द्वारा शिक्षक एवं छात्रों के बीच तालमेल को विकसित करने के विषय में जानकारी दी। इसमें विद्यालय के सभी अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निवारण की जानकारी मिली। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि शिक्षक अपनी प्राथमिकताएं तय करके सकारात्मक सोच के साथ बच्चों में रूचि उत्पन्न करें व अत्यंत सौहार्द के साथ बच्चों को शिक्षा से जोड़ें।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि



जींद। रोहतक रोड पर पानी का छिड़काव करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### रोहतक रोड पर हो रहा पानी का छिड़काव

**जींद।** जींद विकास संगठन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने डीसी से रोहतक रोड पर उड़ती रेत और धूल के गुब्बार से नागरिकों को हो रही परेशानी को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की थी। गोयल ने प्रशासन से आग्रह किया था कि आमजन के स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रोहतक रोड पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए। उनकी इस जनहितकारी मांग का सकारात्मक असर देखने को मिला है। पिछले अरसे से रोहतक रोड पर लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जिससे धूल, मिट्टी के गुब्बार पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। राजकुमार गोयल ने इसके लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन और समाज के बीच समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी जनहित से जुड़े मुद्दों पर इसी तरह त्वरित कार्रवाई की जाती रहेगी।



जींद। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी हवन में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### साधु-संतों की वाणी में समाज हितः सांसद

**जींद।** सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने ने कहा कि साधु, संतों की वाणी में सदैव समाज हित छुपा होता है। इसलिए जिसे संतो का सानिन्ध्य मिलता है वह निश्चित तौर पर सौभाग्यशाली होते है। सांसद ने ये शब्द शुक्रवार को दंडी स्वामी शालिग्राम के जन्मोत्सव पर पालिका बाजार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते कहे। इस दौरान उन्होंने यज्ञ में आहुति डालते कहा कि स्वामी शालिग्राम ने जरूरतमंदो के हितो के लिए जो संदेश दिया उसके नतीजन आज ये समिति समाजसेवा में आगे बढ़ रही है। शहर में जब इस बात का जिक्र आता है कि आंखो का इलाज कराना है तो कहा जाये तो सीधे जवाब मिलता है कि बाबा वाले अस्पताल में जाओं। इस बात से प्रतीत होता है कि स्वामी शालिग्राम ने जरूरतमंदो के हितो में अस्पताल के तौर पर जो पौधा लगाया था। आज वह वट वृक्ष बन गया है। मौके पर प्रधान प्रमोद बंसल, सांसद प्रतिनिधि वजीर गांगोली, दीपक पिंडारा, सदस्य ईश्वर, बीएस ढुहन, पदम मित्तल, कुमार आवेश, ओटी इंचार्ज डा. विजेन्द्र कौशिक आदि मौजूद थे।

# संस्थाएं समाज को जागरूक करेंः सुरेंद्र

**रोटरी जींद मिडटाउन का 24वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



रोटरी जींद मिडटाउन के 24वें जन्मदिन के साथ साथ लोहड़ी पर्व व मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर डीएमसी सुरेंद्र दून ने तथा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर रुड़की से पंकज पांडे, कैथल से एजी नीरज गर्ग तथा करनाल से दिलदीप रंजन व विकास गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान तरुण जैन ने की। परियोजना निदेशक सुनील गर्ग व मनोज शर्मा तथा होस्ट राधेश्याम चिलाना, राकेश गर्ग, अमित गर्ग, डा. सुरेंद्र चौधरी, अशोक गोयल तथा सीपी मलिक रहे। सचिव अशोक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मनोज भारद्वाज, मनोज जाखड़ व विशाल गोयल ने सुरीले गीतों से समा बांधा। गीता देवली व माया राम देवली ने सोलो सॉग फूल तुम्हें भेजा है गाकर प्रभावित किया। माया राम देवली एडवोकेट ने बताया कि हमारा क्लब पिछले कई वर्षों से समाज के प्रति प्रतिबद्धता, करुणा और निस्वार्थ सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा है और आशा है कि यह गौरवशाली विरासत क्लब को आने वाले कई वर्षों तक सार्थक सेवा और सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी। कार्यक्रम के लिए सभी की उपस्थिति गौरवशाली विरासत की गवाह बनेगी।

**ये रहे मौजूद**

डीएमसी सुरेंद्र ने कहा कि उनका पूरा प्रयास है कि वे जिले को बेहतर बनाने में हर संभव प्रयास कर रहे हैं और सामाजिक संस्थाओं से अपील है कि समाज को जागरूक करें और प्रशासन हर संभव मदद के लिए तैयार है। आरके जैन, राधे श्याम चिलाना, डा. बनीश गर्ग, डा. नवीन गुप्ता प्रधान आईएमए, डा. सुरेंद्र चौधरी, अभय सिंघल, राजेश सिंघल, सतपाल जैन, मुकेश सिंगला, अशोक गुप्ता, राजेश जैन, प्रवीण सैनी, सचिन सैनी, प्रवीण गुप्ता, अंकित, शुभम आदि मौजूद रहे।



गरीबों को कपड़े वितिरत करते श्री साईं रसोई सेवा समिति के पदाधिकारी

### जरूरतमंदों को गर्म सूट बांटे

**कैथल।** श्री साईं रसोई सेवा समिति कैथल द्वारा लोहड़ी पर्व के पावन अवसर पर सेवा और मानवता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। समिति की ओर से आज सर्दियों को ध्यान में रखते जरूरतमंदों को गर्म सूट वितरित किए गए। इसके साथ ही साईं बाबा की कृपा से लोहड़ी का प्रसाद मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक एवं पॉपकॉर्न भी श्रद्धापूर्वक वितरित किया गया। इसके अलावा छोले, चावल व रोटी का प्रसाद अंबाला रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे जरूरतमंद परिवारों को वितरित किया गया। इस पावन सेवा में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. पवन थरेजा ने विशेष रूप से सहभागिता की। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे बच्चों व उनके माता-पिता से संवाद कर उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। डॉ. थरेजा ने सभी बच्चों के स्कूल जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा भविष्य में दवाई एवं स्वास्थ्य जांच हेतु मेडिकल कैंप लगाने का आश्वासन भी दिया। सेवा में समिति की अध्यक्ष प्रिया ठकराल के साथ शालु कालड़ा, सपना, हेमंत, ललित ठकराल, प्रकाश गम्भीर, राजेश गाबा, अमित कालड़ा सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## पूंडरी में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

# डिस्कस थ्रो में बीरो देवी प्रथम व मेनका द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी



पूंडरी। महिला प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से पूंडरी के खेल स्टेडियम में ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर चेयरमैन बबली गोस्वामी और महिला मोर्चा जिला सचिव और समाजसेवी निधि मोहन ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूंडरी ब्लॉक की महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कंचन बाला द्वारा की गई। पूंडरी ओर ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं ने बड़े ही जोर-शोर के साथ सभी खेलों में भाग लिया तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छोटी बच्चियों के डांस, गीत तथा अन्य गतिविधियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए । महिला खेलकूद प्रतियोगिता में पांच किलोमीटर साइकिल रेस में प्रथम स्थान मुस्कान ने , द्वितीय स्थान नीलम ने तथा तृतीय स्थान गुरमीत ने हासिल किया। 400 मीटर रेस में मंजू ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्रीति ने और ममतेश ने तृतीय स्थान हासिल किया। 300 मीटर रेस में मीनाक्षी ने प्रथम स्थान , शिवानी ने द्वितीय स्थान और वाणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में कविता ने प्रथम स्थान, सोनिया ने द्वितीय स्थान और सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में बीरो देवी ने प्रथम स्थान मेनका ने द्वितीय स्थान और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में प्रथम स्थान सरोजनी ने, द्वितीय स्थान कमलेश ने और तृतीय स्थान चंद्रपति ने हासिल किया।

**विजेताओं को किया सम्मानित**

सभी महिला प्रतिभागी जिन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया उनको ₹2100, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले को ₹1100 और तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 750 रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया । निधि मोहन ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा खेलों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। महिलाओं की बढ़ती खेल सहभागिता समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है।इस अवसर पर पूंडरी ब्लॉक के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कंचन बाला, सहायक सुनीता, दीपा बत्तरा और लिपिक नीरज शर्मा , कर्मवीर कोच और सभी सुपरवाइजर का अहम योगदान रहा।



सामाजिक विज्ञान क्षमता संवर्धन में भाग लेते अध्यापक एमडी लाभ सिंह लैलर के साथ।

### क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कैथल।** राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैथल के परिसर में सीबीएसई द्वारा सामाजिक विज्ञान विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी शिक्षकों ने सामूहिक प्रार्थना में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन शिवानी चोपड़ा तथा पिंकी रानी ने सामाजिक विज्ञान शिक्षण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। दोनों रिसोर्स पर्सन ने सामाजिक विज्ञान को रोचक, व्यवहारिक एवं गतिविधि आधारित ढंग से पढ़ाने की प्रभावी तकनीकों को साझा किया। उनके द्वारा प्रस्तुत केस स्टडी, मैप वर्क, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण एवं जीवन से जुड़े उदाहरण शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए। प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने शिक्षकों को संबोधित करते कहा कि सामाजिक विज्ञान विषय विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## खबर संक्षेप

### ओएसडीएवी स्कूल में लगाया एनएसएस शिविर

**कैथल।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) शिविर का समापन भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर का सातवाँ एवं अंतिम दिन स्वयंसेवकों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिन की शुरुआत योगाचार्य श्री रामचरण जी द्वारा कराए गए योगाभ्यास से हुई, जिससे स्वयंसेवकों में शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रेरक वक्ता श्री अजय दुआ ने 'व्यक्तित्व विकास' विषय पर अत्यंत सारगर्भित, सरल एवं व्यावहारिक व्याख्यान दिया।

### गोगामेड़ी पर बस स्टॉपेज हो रहा खंडहर में तबदील

**राजौंद।** राजौंद के कैथल मार्ग पर धार्मिक स्थल गोगामेड़ी पर बना बस स्टॉपेज खंडर हो चुका है। जो किसी भी समय एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस बारे राजवीर, विनोद,अजीत पाल,कुशल पाल ने बताया कि नगर के गोगामेड़ी के नजदीक बस स्टॉपेज खंडर अवस्था में है, यह बस स्टोपिज है जो एक बड़े हादसे का कारण बन रहा है। खंडहर बस स्टॉपेज लोगों के लिए सफेद हाथी बना हुआ है लेकिन संबंधित विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं।यात्रियों को एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है यहां बस स्टॉपेज बना दिया था, लेकिन बिना सफाई व देखभाल के अभाव में बस स्टॉपेज खंडहर बन गया।

### देश में सबसे ज्यादा लाभ प्रदेश के श्रमिकों को होगा

# आर्थिक व सामाजिक संरक्षण देगा जी राम जी कानून : शर्मा

**मनरेगा को बिना सुधार ढोना श्रमिकों व राष्ट्र का नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत जी राम जी कानून के माध्यम से देश के प्रत्येक मेहनतकश को आर्थिक और सामाजिक संरक्षण देना सुनिश्चित किया जाएगा। मनरेगा के खामी भरे ढांचे को ढोना देश और श्रमिकों के लिए अहितकारी था। जिसकी जगह पर जी राम जी कानून भ्रष्टाचार खात्मे और शोषण को रोकने का बड़ा माध्यम बनेगा।

पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, उचाना विधायक देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति की तरफ बढ़ रहा है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, ग्रामीण विकास, उद्योग, विज्ञान, खेल जैसे तमाम क्षेत्रों में देश प्रगति कर रहा है। हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान बढ़ाने के लिए ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार किया जा रहा है। जो महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप व राम राज्य की स्थापना के लिए लाया जा रहा है। विकसित भारत जी राम जी कानून को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला कर मनरेगा की उन खामियों को ढकने की कोशिश कर रही है, जो श्रमिकों के साथ.साथ देश को नुकसान कर रही थी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत श्रमिक को 100 दिन का काम मिलता था। जबकि जी राम जी कानून में 125 दिनों का गारंटी काम मिलेगा। जिससे हरियाणा वालों को सालाना दस हजार रुपये का फायदा होगा। अब तय समय में काम न मिलने पर श्रमिक को बेरोजगारी भत्ता दिए जाने और मजदूरी मिलने में देरी पर अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान किया जाएगा। ग्रामीण विकास को मजबूत दिशा देने के लिए जी राम जी कानून के तहत तालाब बनाना, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र, सड़क जैसे आवश्यक ढांचा निर्माण, गरीब परिवारों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए स्किल सेंटर व हाट बाजार का निर्माण करवाया जाएगा। प्रदेश में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को बुवाई व कटाई के लिए श्रमिकों की गलत का सामना करना पड़ता था।


**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर चेयरमैन अमरपाल राणा, जुलाना पूर्व प्रत्याशी योगेश बैरागी, जिला प्रभारी मदन गोयल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामराजी शर्मा, जिला महामंत्री जितेन्द्र सिंह, पुष्पा तायल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन मनीष उर्फ बबलू, भाजपा नेता डा. राज सैनी आदि मौजूद रहे।

**10 हजार रुपये सालाना अतिरिक्त लाभ**

सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि जी राम जी कानून के तहत देश में हर श्रमिक को औसतन 7180 रुपये का लाभ होगा। जबकि हरियाणा में प्रत्येक पात्र श्रमिक को 10 हजार रुपये सालाना का अतिरिक्त लाभ होगा। क्योंकि हरियाणा देश में सर्वाधिक न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन दे रहा है। नया कानून मनरेगा में मिली खामियां, फर्जी कर्मचारी, डुप्लीकेट जॉब कार्ड, फर्जी भुगतान से श्रमिकों व राष्ट्र को होने वाले नुकसान से बचाएगा और सुनिश्चित करेगा कि पात्र श्रमिक को बायोमेट्रिक हाजिरी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित हो। जिससे फर्जी भुगतान और डुप्लीकेट जॉब कार्ड की समस्या का स्थाई समाधान हो। वीबी जी राम जी कानून उन वास्तविक वास्तविक श्रमिक लाभार्थियों का समर्थन करता है, जिन्हें पिछली सरकारों ने धोखा दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना की जियो टैगिंग और सैटलाइट इमेजरी होने से फर्जी परियोजना का पंजीकरण नहीं हो सकेगा। मनरेगा में जहां 15 दिन में मजदूरी का भुगतान होता था, वहीं वीबी जी राम जी कानून में मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर या काम पूरा होने की अधिकतम 15 दिन के अंदर करना अनिवार्य होगा।

# कृष्णाश्रम दंडी स्वामी के अनशन पर प्रशासन लगातार संपर्क में

- स्वामी के स्वास्थ्य की नियमित की जा रही जांच, मांगों पर प्रशासन गंभीरता से कर रहा है विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


**जींद।** कृष्णाश्रम दंडी स्वामी से बातचीत करते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने बताया कि स्थानीय नए बस स्टेंड के पास जलेबी चैक पर कृष्णाश्रम दंडी स्वामी द्वारा गौवंश के अस्थायी विश्राम स्थल की मांग को लेकर किए जा रहे आमरण अनशन के संबंध में जिला प्रशासन लगातार संपर्क में है और पूरे मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारी नियमित रूप से मौके पर पहुंच कर स्वामी जी से संवाद कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा स्वामी से उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और अनशन समाप्त करने का आग्रह भी किया जा रहा है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि नगरायुक्त सुरेंद्र सिंह, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश, नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ सहित अन्य अधिकारी समय-समय पर स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। इसके अलावा स्वामी जी के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात की गई है।

# भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य से कर रही खिलवाड़ : सिहाग

- हरियाणा शिक्षक पात्रता (एचटेट) परीक्षा परिणाम बदलने की होनी चाहिए निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जननायक जनता पार्टी के युवा नेता विकास सिहाग ने कहा कि भाजपा सरकार पढ़े, लिखे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है और चारों तरफ भ्रष्टाचार को बोलबाला है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा का परिणाम बदल कर अभ्यर्थियों को पास किए जाने का मामला इसका ताजा उदाहरण है। जिसकी निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2024 को हुए एचटेट के परिणाम में घोटाला को जजपा युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय ने उजागर किया है। जिसमें बिना पर्ची और बिना खर्ची का दावा करने वाली सरकार का चेहरा पूरी तरह उजागर हो गया है। जिस प्रकार 1284 अभ्यर्थियों के नाम परिणाम के बाद मे शामिल किए गए हैं, उनके लिए ना तो बायोमेट्रिक प्रक्रिया अपनाई गई और न ही सरकार ने इसमें कोई पारदर्शिता रखते हुए उनके नाम उजागर किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर बड़ा घोटाला है। हालात यहां तक रहे कि बोर्ड सचिव को भी बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि 1284 अभ्यर्थियों को संदेह का लाभ देकर पास कर दिया गया। जबकि अन्य को लाभ क्यों नही दिया गया। उन्होंने कहा कि परिणाम को लेकर कई खामियां सामने आई हैं। वेबसाइट पर ओएमआर शीट निकलवाने के लिए भी बहुत कम समय दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फैल रही है। लोगों को पोर्टल मे उलझाए हुए है। सरकारी योजनाओ का लाभ लोगों को नही मिल रहा है। केवल नाम बदल कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।


विकास सिहाग।

# धीरे-धीरे चलने वाला व्यक्ति ही दौड़ जीतता है : सतीश

- राजकीय आईटीआई कैथल में एमएसएमई ने लगाया जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारत सरकार, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एमएसएमई - विकास कार्यालय करनाल द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईटीआई के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल थे। उन्होंने कहा, धीरे-धीरे चलने वाला व्यक्ति ही दौड़ जीतता है। उन्होंने कारीगरों को अपने प्रयासों में दृढ़ता और समर्पण बनाए रखने की सलाह दी। पीएम विश्वकर्माकारीगरों को मार्केटिंग, ब्रांडिंग व पैकेजिंग से नए बाज़ारों तक पहुंच बढ़ाने और अपने कार्य को आधुनिकता से जोड़ने का अवसर मिलेगा। एम.एस.एम.ई– विकास कार्यालय करनाल से मुकेश वर्मा, सहायक निदेशक ने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा इससे होने वाले लाभों के बारे में बताया। देश भर में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पीएम विश्वकर्मा कारीगरों को मार्केटिंग एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।


**कैथल।** एमएसएमई के जागरूकता शिविर में मंच पर बैठे पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

- कृषक प्रशिक्षण केंद्र में तीन दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्रए सच्चा खेडा में आयोजित तीन दिवसीय श्पशुपालन एवं उसका रख.रखाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानोंए ग्रामीण युवाओं एवं पशुपालकों को पशुपालन व्यवसाय की आधुनिक एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ;लुवासद्धए हिसार से आए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों एवं विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में कुल 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लुवास से आए डॉक्टरों ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत नस्ल के दुधारू पशुओं का चयनए पशुओं का संतुलित आहार एवं पोषण प्रबंधनए पशु आवास एवं स्वच्छता व्यवस्थाए दूध उत्पादन बढ़ाने की वैज्ञानिक तकनीकए पशु स्वास्थ्य देखभालए टीकाकरण एवं रोग नियंत्रणए पशुओं में होने वाली सामान्य बिमारियाँ एवं उनका उपचारए प्रजनन प्रबंधनए बछड़ा प्रबंधनए गोबर प्रबंधन तथा पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक उदाहरणों एवं अनुभवों के माध्यम से पशुपालन से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।


**नरवाना।** प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रशिक्षणार्थी। फोटो :हरिभूमि

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नेतृत्व किसान हितैषी : संजय

- बोले, युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार नए अवसर पैदा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

जिला किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजय सैनी नंबरदार ने सीवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार किसानों, मजदूरों, युवाओं और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संजय सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं किसान परिवार से आते हैं, इसलिए उन्हें खेती-किसानी की वास्तविक समस्याओं का गहरा अनुभव है। यही कारण है कि उनकी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, फसल नुकसान की भरपाई और समय पर मुआवजा देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार नए अवसर पैदा कर रही है। इस अवसर पर श्यामलाल, रामपाल सैनी, बलकार सिंह आर्य, रिंकू सैनी, सतीश सैनी (खानपुर), प्रेम सिंह और जीत सिंह भी मौजूद रहे।


**सीवन।** सीवन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सैनी।

# सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा में कैथल के विद्यार्थी रहे अव्वल

- प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 36 मेधावी छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा 2025–26 का मंडल स्तरीय आयोजन करनाल में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला कैथल, करनाल एवं पानीपत में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 36 मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा 4 लेवल पर हुई ।

लेवल 1 में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8, लेवल 3 में कक्षा 9 वीं से 12 वी व लेवल 4 कॉलेज व आईटीआई के बच्चों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6, करनाल में आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों एवं सुरक्षित आवागमन से संबंधित प्रश्नों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लेवल-1 में जिला कैथल के द इंडियन हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, चीका के विद्यार्थियों अक्षत गोयल, निविध गोयल एवं एकनूर निर्मान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेवल-2 में जिला करनाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। लेवल-3 में कैथल के आरोही मॉडल स्कूल, रामगढ़ पांडवा के विद्यार्थियों आभा रानी, महक नरवाल एवं निहाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


**कैथल।** सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी।


**जींद।** बैठक को संबोधित करते हुए एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

### शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शेखर विद्यार्थी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक मंच पर उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य तथा आपराधिक आदि मामलों से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो वे समाधान शिविर में आकर बताएं।

# 18 से 27 फरवरी तक जनकल्याण के लिए जींद में होगा महायज्ञ : हरिओम

- विज्ञान भी कहता है कि यज्ञ से वातावरण होता है शुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

परम पूज्य जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम महाराज ने कहा कि सनातन का मूल है यज्ञ। दिल्ली एनसीआर दूषित है, यह पूरा भारत जानता है। इस प्रदूषण से बचने का क्या उपाय है। विज्ञान कहता है कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। विज्ञान कहता है कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। शास्त्र भी यही कहता है। अगर हवन यज्ञ नही किया गया तो वातावरण दूषित होता चला जाएगा और कोरोना जैसी बीमारी फिर जन्म लेगी।

यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम महाराज शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ विधायक खरखौदा पवन भी रहे। उन्होंने कहा कि यज्ञ कोई नया विषय नही है। मानव जीवन रक्षा के लिए सरकार तथा हमारे पास इससे अच्छा कोई उपाय नही है। इसलिए एक यज्ञ 18 से 27 फरवरी तक जनकल्याण के लिए हो रहा है। 108 महायज्ञों में से यह चार नंबर का महायज्ञ एकलव्य स्टेडियम जींद के सामने होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमारे बुजुर्गों ने हवन को कल्याणकारी बताया है। यह पांच तत्वों में से एक मूल तत्व है। यह बहुत पुराना विषय है।


**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए परम पूज्य जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम महाराज।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट से मिली स्वास्थ्य सेवाएं

**कैथल।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार जनसेवा का कार्य कर रही है। शुक्रवार को यह मेडिकल यूनिट कैथल विधानसभा क्षेत्र के माता गेट और सिरटा क्षेत्र में पहुंची, जहां बड़ी संख्या में आमजन ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ उठाया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों की टीम ने दोनों स्थानों पर मरीजों की जांच कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार परामर्श दिया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं तथा मौके पर ही रक्त और मूत्र जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे घर तक पहुंचाने वाला एक सराहनीय और उपयोगी कदम बताया। माता गेट में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित शिविर के दौरान 72 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### दो दिवसीय रेमीडियल प्रशिक्षण का जिला समन्वयक राजेश ने किया अवलोकन

# निपुण भारत अभियान का लक्ष्य हर बच्चे को पढ़ने में दक्ष करना

**शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

निपुण भारत अभियान के अंतर्गत चल रहे दो दिवसीय रेमीडियल प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन जिला समन्वयक (एफएलएन) राजेश वशिष्ठ ने खंड नरवाना में किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण में भाग ले रहे सभी प्राथमिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नही है बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। प्रत्येक शिक्षक को चाहिए कि वह अपनी कक्षा के बच्चों की सीखने की गति और स्तर को ध्यान में रखते हुए अपनी कार्य योजना तैयार करे और पूरे मनोयोग से कार्य करें। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि विभाग द्वारा चलाया गया 45 दिवसीय रेमीडियल कार्यक्रम कमजोर बच्चों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। अब समय आ गया है कि इस कार्यक्रम के परिणामों को धरातल पर उतारा जाए। निपुण भारत अभियान तभी सफल होगा जब हर शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बच्चों के सीखने के स्तर को सुधारने के लिए ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से परिचित कराना और उन्हें बच्चों की सीखने की कठिनाइयों को दूर करने के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण में शिक्षकों को समूह गतिविधियों, खेल आधारित शिक्षण, और मूल्यांकन की नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि जिले के सभी मास्टर ट्रेनर, खंड शिक्षा अधिकारी और विभागीय अधिकारी इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी से ही निपुण भारत अभियान अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगा।


**जींद।** शिविर को संबोधित करते हुए राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

**प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत**

*इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने सभी मास्टर ट्रेनरों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अपने कार्य को पूरी मेहनत और लगन से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इनसे शिक्षण की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार होगा। राजेश वशिष्ठ ने अंत में कहा कि निपुण भारत अभियान का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को पढने, लिखने और गणना करने की बुनियादी दक्षता प्रदान करना है। इसके लिए सभी शिक्षकों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि जिले के हर बच्चे को स्थायी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।*